NHS

आपकी डाक्टरी स्थिति आपका जीवन बचा सकती है

जो देखभाल आप प्राप्त करते हैं उसमें सुधार करने के लिए जानकारी को बाँटते हुए

जीवन बचाना

समय बचाना

जानकारी की सुरक्षा करनी

Your Care Connected

MidlandsYourCareConnected.nhs.uk

जीवन बचाते हैं

जितनी जानकारी हो उतना ही बेहतर

स्वास्थ्य देखभाल के माहिरों को आपके जी.पी. के रिकार्ड देखने की अनुमति देनी जो उनको महत्वपूर्ण और सम्भावित जीवन को बचाने के लिए जानकारी देगी; यह बार-बार किए जाने वाले बिना किसी आवश्यकता के टैस्ट्स में कमी करने में सहायता करेगा, जैसे कि खून के टैस्ट्स और ऐक्स-रेज़।

आपके डाक्टरी रिकार्डस को दूसरों के साथ बाँटने से आपकी जान बचाई जा सकती है।

क्या आपको पता था...

आपका जी.पी. का डाक्टरी रिकार्ड आपके स्वास्थ्य और तंदरूस्ती का भरपूर पूरा रिकार्ड है।

परन्तु क्या आपको पता था कि जब आप किसी हस्पताल जाते हैं, मानसिक स्वास्थ्य तक पहुँच करते हैं या काम करने के समय के बाहर सेवाओं पर जाते हैं, या आपको ऐम्बुलैन्स की आवश्यकता होती है, तो जो आपका इलाज कर रहे होते हैं वह आपके रिकार्ड तक पहुँच हासिल नहीं कर सकते हैं?

आपका स्थानीय NHS यह महसूस करता है कि जो आपकी देखभाल के लिए उत्तरदायी हैं वह आपकी ज़रूरी जानकारी को देख सकें जिससे जो डाक्टरी देखभाल जो आप हासिल कर रहे हैं उसमें सुधार हो, इसीलिए युअर केअर कनेक्टेड (Your Care Connected) को बर्मिंघम, सैन्ड्वैल और सौलिहल में लागू किया जा रहा है।

युअर केअर कनेक्टेड (Your Care Connected) डाक्टरों, नर्सों और दूसरे रजिस्टर्ड स्वास्थ्य की देखभाल करने वाले माहिरों को आपकी देखभाल करने में सहायता मिलेगी जिससे वह आपके जी.पी. के रिकार्ड से आपकी अनुमति से, आपकी जानकारी को देख सकें, ताकि आपको बेहतर, सुरक्षित देखभाल प्राप्त हो।

यह आपकी कैसे सहायता करता है

- आपकी डाक्टरी जानकारी तक तेज़ी और आसानी से पहुँच, जो आपके जीवन को बचा सकती है
- जानकरी को प्रदान करती है जैसे कि जो भी दवाई आप ले रहे हों और उसकी ख़ुराक, आपको कोई भी एलर्जी हो, आपके हाल ही में डाक्टरी टैस्ट्स के परिणाम हों या आपने पिछली बार अपने जी.पी. के किस स्टाफ़ को देखा था
- आपकी देखभाल में सुरक्षा और गुणवत्ता में सुधार करता है
- फ़ार्मों को भरने में कम समय लगता है
- सम्मिलित संस्थाओं तक आपके जी.पी. द्वारा आपके रिकार्ड को फ़ैक्स या रिकार्डेड डिलिवरी से भेजे जाने की तुलना में अधिक सुरक्षित है (जो कि एक वर्तमान विकल्प है)
- आपदा की स्थिति में सुरक्षित ढंग से पहुँचाने में सक्षम है

"Your Care Connected हस्पतालों के दौरों से काफ़ी तनाव को दुर करेगा; एक प्रणाली के होने से मेरी कहानी को बताया जा सकता है, मेरे बारे में सारी भरोसेमंद और ज़रूरी जानकारी को प्रदान करता है जिससे मुझे बेहत्तर देखभाल प्राप्त करने में सहायता मिलेगी"

एड्रियन, एक रोगी

समय बचाता है

किसी को भी समय व्यर्थ गवाना पसंद नहीं है

आपकी डाक्टरी जानकारी तक शीघ्र से पहुँच से कई फ़ार्मों को भरने की कमी में सहायता मिल सकती है, जिससे प्रतीक्षा का समय कम किया जा सकता है और हस्पताल में बिना वजह से रहने को घटाया जा सकता है।

अपने डाक्टरी रिकार्डों को बाँटें और समय बचाएँ।

आपकी जानकारी तक किस को पहुँच प्राप्त होगी?

निम्नलिखित में से किसी भी संस्था पर जब आप जाएँगे, तो जो व्यक्ति आपका इलाज कर रहा है वह Your Care Connected का प्रयोग कर के आपके जी.पी. द्वारा जो जानकारी रखी गई है उस तक पहुँच प्राप्त करने के लिए आपकी अनुमति माँगेगा? इससे आपको बेहतर, सुरक्षित देखभाल प्राप्त होने में सहायता मिलेगी:

- बर्मिंघम चिल्ड्रेन्स हौस्पिटल
- बर्मिंघम कम्युनिटी हैल्थकेअर
- बर्मिंघम और सौलिहल मैन्टल हैल्थ फ़ाऊन्डेशन ट्रस्ट
- बर्मिंघम विमन्स हौस्पिटल
- बर्मिंघम सिटी हौस्पिटल
- गुट होप हौस्पिटल
- हार्टलैन्ड्स हौस्पिटल
- क्वीन ऐलिज़ाबेथ हौस्पिटल
- रायल ऑर्थोपीडिक हौस्पिटल
- सैन्डवेल जनरल हौस्पिटल
- सौलिहल हौस्पिटल
- वैस्टमिडलैन्ड्स ऐम्बुलैन्स सर्विस
- काम करने के समय के बाहिर जी.पी. की सेवाएँ

Your Care Connected को आपकी अनुमति से और आपके लिए सीधी देखभाल के लिए केवल आपकी जानकारी को देखने के लिए ही प्रयोग किया जा सकता है। कृपया नोट करें कि आपदा में क्लीनिशंस आपकी अनुमति को एक तरफ़ कर सकते हैं, उदाहरण के रूप में यदि आप बेहोश हों या बातचीत न कर सकें, या वह समझें कि यह आपके स्वास्थ्य और तंदरुस्ती के लिए ज़रूरी है।

वह क्या देखेंगे?

स्वास्थ्य के माहिर जो आपका इलाज कर रहे हैं वह आपके निम्नलिखित डाक्टरी रिकार्ड को ही केवल देखेंगे और यह भी आपकी अनुमति से; यदि आप उनको आपके रिकार्ड तक पहुँच की अनुमति देते हैं, तो यह उनको कई तरह की जानकारी प्रदान करेगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- ऐलर्जी
- दवाईयाँ जो आप ले रहे हैं
- हस्पताल में भर्ती और रैफ़रैल्स
- वैक्सीनेशन और इम्युनाईज़ेशन
- टैस्ट्स के परिणाम
- बीमारी का पता लगाया जाना
- इलाज
- डाक्टरी तरीके
- जीवन को ख़त्म करने की इच्छा
- जनांकिक जानकारी (आयु, लिंग आदि)
- जो बच्चे या बालिग़ ख़तरे में हैं उनसे दुर्व्यवहार से सम्बन्धित चिन्ताएँ (यदि लागू हों)

आपकी जानकारी को किन्हीं दूसरे उद्देश्यों के लिए प्रयोग नहीं किया जाएगा, जैसे कि अनुसंधान, या किसी तीसरे दल को दिया/बेचा नहीं जाएगा। किसी भी परिवर्तन या ताज़ा लिस्ट के लिए, कृपया हमारे वैबसाईट www.midlandsyourcareconnected.nhs.uk. को देखें।

जानकारी को सुरक्षित रखना

गोपनीयता की महत्त्वता

केवल रजिस्टर्ड हैल्थकेअर माहिर ही आपके डाक्टरी रिकार्ड्स को देख सकते हैं और देखने के लिए वह हमेशा आपकी अनुमति के लिए पूछेंगे। और अधिक क्या है, पहुँच एक तालेबंद नेटवर्क में प्रदान की जाती है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि आपकी जानकारी को अत्यधिक सम्भव मापदण्ड में हमेशा सुरक्षित रखा जाए।

जो जानकारी आप बाँटेंगे उसे हमेशा सुरक्षित रखा जाएगा।

किस चीज़ को बाँटा नहीं गया?

Your Care Connected आपके जी.पी. से हरेक चीज़ को बाँटता नहीं है।

यह इसलिए है क्योंकि हम रोगी की गोपनीयता और संवेदनशील जानकारी को बाँटने के विषय में राष्ट्रीय मार्गदर्शन को अपनाते हैं। वर्तमान में निम्नलिखित जानकारी को नहीं बाँटता है :

- IVF का इलाज
- HIV और AIDS
- लैंगिक तौर से फैलाई जाने वाली बीमारी
- लैंगिक पुनर्निधारण
- गर्भावास्था को ख़त्म करना
- जी.पी. के रिकार्ड से मुफ़त टैक्स्ट

कृपया नोट करें यह लिस्ट राष्ट्रीय मार्गदर्शन के स्तर पर जहाँ संवेदनशील जानकारी को बाँटने का विषय हो उस सम्बन्ध में बदली जा सकती हैं। कृपया हमारे वैबसाईट को जानकारी की ताज़ा लिस्ट के लिए देखें जो उस समय बाँटी न गई हो जब जो व्यक्ति आपका इलाज कर रहा हो उसने Your Care Connected का प्रयोग कर के आपके रिकार्ड तक पहुँच हासिल की हो।

आपकी जानकारी, आपका चयन

जब आपके स्वास्थ्य की देखभाल का प्रश्न हो, तो आपके पास शक्ति है कि आप किसे अपने डाक्टरी जानकारी को देखने, वह कब देख सकते हैं और कैसे देख सकते हैं इसकी अनुमति देते हैं।

जो लोग आपका इलाज कर रहे हैं यदि आप अपनी डाक्टरी जानकारी को उनके साथ बाँटने के लिए ख़ुश हैं, तो आपको आगे कुछ भी करने की ज़रूरत नहीं है। यदि आप पिछले पृष्ठ पर अंकित किसी भी एक संस्था में जाएँ, तो जो लोग आपका इलाज कर रहे हैं वह आपके रिकार्ड को देखने के लिए आपकी अनुमति चाहेंगे।

बाहिर आ जाना

यदि आप Your Care Connected से 'बाहिर आने का' निर्णय करते हैं तो केवल आपकी आम डाक्टरी प्रैक्टिस ही आपके रिकार्ड को इलैक्ट्रोनिकली पहुँच प्राप्त कर सकता है। कृपया जान लिजीए कि बाहिर आने का अर्थ है कि आपका रिकार्ड बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, आपदा की स्थिति में भी।

क्या आप अधिक जानना चाहते हैं?

कृपया MidlandsYourCareConnected.nhs.uk को देखें

वैकल्पिक तौर पर, आप टीम को ईमेल डाल सकते हैं InfoMidlandsYourCareConnected@nhs.net

या उन्हें मुफ़्तफ़ोन नम्बर 0333 150 3388 पर फ़ोन करें

Your Care Connected

हम हमारे प्रकाशन ब्रेल, बड़ी छपाई, आसानी के साथ पढ़े जाने वाले (पहुँच वाले टैक्स्ट आकार) में प्रस्तुत कर सकते हैं। जानकारी को दूसरी विभिन्न भाषाओं में भी उपलब्ध कराया जा सकता है।
कृपया अधिक जानकारी के लिए हमें सम्पर्क करें।